बिहार पुलिस मुख्यालय
(विशेष कार्य बल)
दिनांक–25.10.2024

पटना जिला का कुख्यात वांछित अपराधी राकेश कुमार उर्फ कारू सिंह गिरफ्तार

- आज दिनांक 25.10.24 को बिहार एस0टी0एफ0 की विशेष टीम द्वारा पटना जिला का कुख्यात वांछित अपराधी राकेश कुमार उर्फ कारू सिंह पे0 स्वर्गीय देवेन्द्र सिंह सा0 वार्ड नंबर 13 मोलदियार टोला मोकामा जिला पटना को मोकामा थाना कांड संख्या 22/24 दिनांक 27.01.2024 धारा 307 भा0द0वि0 एवं 27 आर्म्स एक्ट में पटना जिला के मोकामा थाना क्षेत्र से छापामारी कर गिरफ्तार किया गया।
- उल्लेखनीय है कि उक्त अपराधी द्वारा 27.01.2024 को **FCI** मोकामा में रंगदारी हेतु फायरिंग किया गया था।
- उक्त अपराधी सुखदेव नगर (रॉची) थाना क्षेत्र के अपराधी बिट्टू मिश्रा एवं बोकारो के ठेकेदार लवली तिवारी की हत्या की घटना में संलिप्त था।
- उक्त अपराधी के विरूद्ध पटना जिला एवं झारखंड राज्य के विभिन्न थाना में हत्या, रंगदारी, लूट एवं आर्म्स एक्ट सहित कुल 17 कांड दर्ज है।

STF